# यूपीईएस के छात्र-छात्राएं भारतीय कला-संस्कृति से जुड़ेंगे

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूपीइएस यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं भारतीय कला संस्कृति और विरासत से जुड़ेंगे। इसके लिए रूरल इंटरप्रेन्योरशिप फार आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज संस्था (रीच) के बीच सहमति बनी है। इस वर्ष 15 दिवसीय फेस्टिवल विरासत 15 से 29 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के नामी कलाकार प्रतिभाग करेंगे। इस महत्वपूर्ण सहमति के तहत यूपीईएस के 16 हजार से अधिक छात्र, फैकल्टी और स्टाफ सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और प्रसार के लिए प्रयास करेंगे। विवि के अत्याधुनिक एंफीथिएटर, मल्टी एक्टिविटी सेंटर व कैंपस की अन्य सुविधाओं को पूरे साल भर कला, शिल्प, संस्कृति और पर्यावरण पर केंद्रित आयोजनों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।